**नवरात्रि** | घर-घर में कन्या पूजन, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# अष्टमी पर भक्तिमय हुआ शहर, महागौरी को लगा हलवा-पूरी का भोग





**नवभारत,जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर शहर पूरी तरह भक्ति में डूबा नजर आया। भक्तों ने माता के आठवें स्वरूप महागौरी की विधि-विधान से पूजा कर सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर हलवा-पूरी का भोग विशेष रूप से अर्पित किया गया और कई लोगों ने व्रत रखकर देवी आराधना की।

अष्टमी के दिन शहर के प्रमुख मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त परिवार सहित पहुंचकर माता को नैवेद्य अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। अष्टमी पर पूरे शहर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भक्तों ने माता भगवती से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

### मंदिरों में विशेष आयोजन और भंडारे

अष्टमी पर शहर के बूढ़ी खेरमाई मंदिर, बड़ी खेरमाई मंदिर, शीतला माता मंदिर, काली माता मंदिर गढ़ा फाटक, बगलामुखी मंदिर, शारदा मंदिर बरेला सहित विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी हुआ।



## स्वर्ण श्रृंगार से सजीं मां काली



सदर बाजार स्थित काली मंदिर में दिव्य स्वर्ण श्रृंगार, हरित वस्त्र अलंकरण और भव्य महा आरती के साथ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण भी आयोजित किया गया। पंडित श्रीनाथ मिश्रा ने बताया कि मां का स्वर्ण श्रृंगार अत्यंत अद्भुत है और दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां पहुंचते हैं, जहां माता रानी सबकी इच्छाएं पूर्ण करती हैं।

## महागौरी का पूजन अर्चन कर हुई पूर्णाहुति



सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित श्री दुर्गा -हनुमान मंदिर में पं.वासुदेव शास्त्री,पं.वीरेंद्र दुबे के सानिध्य में आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन अर्चन उपरांत हवन पूर्णाहुति प्रसाद वितरण संपन्न हुआ। आज नवम् स्वरूप सिद्धिदात्री माँ का प्रात:पूजनअर्चन एवं श्री राम जन्मोत्सव, मंगलआरती, प्रसाद वितरण पश्चात कन्या भोज आयोजित है। सर्व धर्मानुरागियों से संयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,राजेश शर्मा,सुनील ताम्रकार,अरविन्द गुप्ता,विकास चौहान,नवीन नेमा,श्याम कोष्टा,आशीष नेमा,नितिन दुबे,संदीप नेमा,अरविंद तिवारी,राजीव दुबे,कृष्ण कांत शुक्ला,अंकित बहरे,शिशिर बादल,राजेंद्र ब्यौहार,प्रशांत गुप्ता,अमित गुप्ता आदि ने उपस्थिति हेतु अनुरोध किया है।

## घरों में हवन एवं कन्या पूजन का आयोजन



अष्टमी के अवसर पर घर-घर में कन्या पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर आदिशक्ति की आराधना की और कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। कुछ परिवार अष्टमी तो कुछ नवमी को यह पूजन करते हैं। इसके साथ ही मंदिरों और घरों में बोए गए जवारों (जवारे) तथा स्थापित कलश की विशेष पूजा की गई। बगलामुखी मठ में पूरी रात हवन और साधना का आयोजन हुआ। सहस्त्र गुलाबों, साड़ियों और किशमिश से माता का विशेष श्रृंगार किया गया।

## संधि पूजा में 108 कमल व दीप प्रज्जवलित



सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब द्वारा आयोजित बसंती दुर्गा पूजा के अंतर्गत गुरुवार को अष्टमी पूजा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा के चरणों में पुष्प अर्पित कर अंजलि दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह, विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। दोपहर 2 बजे से संधि पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से 108 कमल फूल अर्पित किए गए और 108 दीप प्रज्वलित कर माँ की आराधना की गई। संध्या आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नृत्य श्री प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर ग्रुप का सेमीफाइनल आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।

# आज रहेगी शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से होगा शुभारंभ, 31 झांकियों के साथ निकलेगी यात्रा**

**नवभारत,जबलपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा निकाली जाने वाली 46वीं श्रीराम शोभायात्रा का शुभारंभ इस वर्ष भी परंपरागत रूप से सायं 6 बजे श्री सनातन धर्म तिराहा, पुराना मोटर स्टैंड से किया जाएगा। यात्रा की शुरुआत युवाओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से होगी, जिसके पश्चात संतों का स्वागत, वंदन और आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा आगे बढ़ेगी। इस भव्य आयोजन में कुल 31 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें विभिन्न मंदिरों एवं संस्थाओं की झलकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों के अनुसार, श्रीराम मंदिर मदन महल, श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर एवं छोटी ओमती सहित कई धार्मिक संस्थाओं की झांकियां, भजन मंडलियां, बैंड दल और पारंपरिक नृत्य दल शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। यात्रा का समापन श्री गोविंद गंज रामलीला समिति मंच पर होगा, जहां वृंदावन से पधारे संत द्वारा संगीतमय रामकथा प्रस्तुत की जाएगी।

### गौरीघाट में आविर्भाव समारोह आज

रामनवमी के अवसर पर श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा गौरीघाट में 'आविर्भाव समारोह' का आयोजन आज शाम 6:30 बजे से किया जाएगा। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लोक-भक्ति और शास्त्रीय कला का संगम देखने को मिलेगा। समारोह की शुरुआत बुंदेली लोकगायक सुमित दुबे द्वारा भक्ति गीतों से होगी। इसके पश्चात भोपाल की नूपुर माहौर एवं उनकी टीम द्वारा भरतनाट्यम शैली में 'लव-कुश की रामायण' पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम का समापन सिवनी के रुद्रकांत ठाकुर के भक्ति गायन से होगा। यह आयोजन श्रद्धालुओं को रामकथा, भारतीय संस्कृति और भक्ति रस से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

## राम जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर विशेष महाआरती



धनुष यज्ञ रामलीला समिति द्वारा राम जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर विशेष महा आरती आयोजित की गई, जबकि आज राम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं ग्वारीघाट स्थित परशुराम धाम में भगवान परशुराम की भव्य दीपमाला, महारथी झांकी, कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन पंडित राजकुमार दुबे एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच के सदस्यों के सहयोग से किया गया। इस दौरान पंडित श्रीनाथ मिश्रा, पंडित राजकुमार दुबे और पंडित धनंजय बाजपेई सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने देश में शांति और समृद्धि की कामना की।

### एक नजर में



## डॉ. नाजपांडे के जन्मदिन पर जनसंगठनों ने किया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में विभिन्न जनसंगठनों द्वारा आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. पीजी नाजपांडे का 89वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें जनहित के मुद्दों पर उनके निरंतर संघर्ष और सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई, सेव जबलपुर लंग संस्था के डॉ. पवन स्थापक तथा आर्थोपेडिक एसोसिएशन (जबलपुर चैप्टर) के अध्यक्ष डॉ. अभिजित मुखर्जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में विभिन्न संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, एडवोकेट वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डी.के. सिंह, अशोक नामदेव, माया कुशवाहा, एडवोकेट प्रभात यादव, डी.आर. लखेरा, राजेश गिदरोनिया, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, प्रफुल्ल सक्सेना और आदर्श भाटिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## लाइन परिचारकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने बिजली कंपनियों में कार्यरत लाइन परिचारकों की सेवानिवृत्ति आयु 55 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग को लेकर आवाज उठाई है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने बताया कि जहां अन्य सभी श्रेणी के कर्मचारियों और अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष है, वहीं लाइन परिचारकों को 55 वर्ष में ही सेवा निवृत्त किया जा रहा है, जो कि अन्यायपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में प्रबंधन स्तर पर सकारात्मक अनुशंसा भी की जा चुकी है, किंतु ऊर्जा विभाग में प्रस्ताव लंबित है। इस विसंगति से कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। इस मांग का समर्थन करते हुए यू.के. पाठक, दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे, सीताराम कुरचानिया, केदारनाथ अग्निहोत्री, श्याम मोहन वर्मा, अवनीश तिवारी, विमल महापात्र, सुधीर मिश्रा, दीपक मेमने, विजय तिवारी, रणजीत सेन, राजेश मिश्रा, आर.के. चौबे, मोहन श्रीवास, विजय डोंगरे, मोहित पटेल, योगेश पटेल, मनोज पाठक, सतेन्द्र सुहाने, दिनेश गोस्वामी, दिलीप पाठक, अक्षय श्रीवास्तव और बी.एम. तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।




## कबीर पंथ समाज ने वृद्धाश्रम में किए फल वितरण

**नवभारत, जबलपुर।** कबीर पंथ समाज उत्थान समिति द्वारा 26 मार्च को वृद्धाश्रम एवं मेडिकल परिसर में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र संत, कोषाध्यक्ष कंचन दास कुलदीप, सचिव युधिष्ठिर सोनवानी, सलाहकार एडवोकेट दयादास सोनवानी, समाजसेवी शिव नारायण पटेल, महंत अंबिका प्रसाद, महंत मुनीम दास, ईमरत दास सोनवानी, भगवानदास पनरिया और सोनू राय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने जरूरतमंदों की सेवा को मानव धर्म बताते हुए ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की बात कही।

# संस्कारधानी में गूंजेगा रामरस, 5 से नौ दिवसीय श्रीराम कथा

**तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक, दिए सुझाव**



**नवभारत,जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में आगामी 5 से 13 अप्रैल तक गौरीघाट स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज मैदान में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी द्वारा किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति, राष्ट्रबोध और सनातन गौरव का अनुभव मिलेगा। आयोजन को लेकर शास्त्री ब्रिज स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की और आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के सुझाव दिए। सभी ने एक स्वर में सफल आयोजन का संकल्प दोहराया। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि यह आयोजन संस्कारधानी के लिए गौरव का अवसर है और समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है। आयोजन एवं स्वागत समिति का गठन करते हुए गुलशन मखीजा को संयोजक, डॉ. जितेंद्र जामदार को अध्यक्ष और अखिल मिश्रा को सचिव बनाया गया है। कथा स्थल का भूमिपूजन 28 मार्च को दोपहर 12 बजे संतों के सानिध्य में किया जाएगा। बैठक में कैलाश गुप्ता, पं रोहित दुबे, शरदभाई पालन, रवि गुप्ता, पं ब्रजेश दीक्षित, प्रकाश मालपानी, सतीश राय, कैलाश अग्रवाल बब्बा जी, श्याम साहनी, सुब्रत पाल, सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा, गिरिराज, लेखराज सिंह मुन्ना, प्रो. आशुतोष दुबे, तारु खत्री, एनपी झारिया, मनीष खरे, अभय जैन, नरेश ग्रोवर, प्रकाश साहा, विजय भावे, एड जीपी सिंह, राजेश पाठक प्रवीण, शरद काबरा, डॉ सुनील मिश्रा, आलोक पाठक, ओंकार दुबे आदि ने उपस्थित होकर सुझाव दिए।



## महावीर जयंती पर मरीजों को बांटे फल और मिष्ठान

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के पांच दिवसीय सेवा कार्यक्रम की शुरुआत**

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर द्वारा पांच दिवसीय सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर सेठ गोविंद दास चिकित्सालय (विक्टोरिया अस्पताल) में मरीजों को फल एवं मिष्ठान वितरित किए गए, वहीं उनके परिजनों को सुदामा थाली प्रदान की गई। इस सेवा कार्य में ग्रुप के अध्यक्ष प्रफुल्ल रीता, सचिव सुरेंद्र प्रीति, कोषाध्यक्ष कमल सुनीता, मनोज (सीए), सुनील मामा, डॉ. कंचन लता, अजीत नायक, प्रदीप बेंटिया, नितिन, पंकज प्रतिभा, राविज, सनद, विवेक, डॉ. अनूप और सुबोध कामरेड सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## 19 जिलों में 'निधि आपके निकट 2.0' शिविर आज

**नवभारत, जबलपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा आज 27 मार्च को 'निधि आपके निकट 2.0' एवं 'सुविधा समागम' शिविर का आयोजन 19 जिलों में किया जाएगा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविरों में पीएफ सदस्यों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जाएगा। उपभोक्ता फोरम में लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे तथा पेंशन हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जाएंगे। यह शिविर सतना, शहडोल, कटनी, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, रीवा, उमरिया, मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, अनूपपुर, बालाघाट, सिवनी, सीधी, पन्ना, पांढुर्णा, मऊगंज और मैहर सहित विभिन्न जिलों में आयोजित होंगे।

### संगीत से संस्कार' स्थापना महोत्सव आज

**नवभारत,जबलपुर।** रेणुका म्यूज़िक एकेडमी, श्री राधे कराओके क्लब एवं शहीद स्मारक संगीत प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'संगीत से संस्कार' नामक एक भव्य संगीत कार्यक्रम का आयोजन आज शाम 6:30 बजे शहीद स्मारक स्थित प्रेक्षागृह में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम में कराओके पर अपनी मधुर प्रस्तुतियाँ देने वाले कलाकारों के साथ-साथ शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को सीखने वाले अनुभवी कलाकारों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का निर्देशन सुप्रसिद्ध संगीत गुरु आलोक वर्मा (मास्टर शक्ति) द्वारा किया जा रहा है।

## जनेकृविवि में प्याज-लहसुन की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण




**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में प्याज एवं लहसुन की उन्नत खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से आयोजित हुआ, जिसमें डीन डॉ. जयंत भट्ट मुख्य अतिथि रहे। उद्यानिकी विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति बाचें एवं परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. अखिलेश तिवारी ने किसानों को मार्गदर्शन दिया। तकनीकी सत्रों में डॉ. बी.पी. बिसेन, डॉ. यू.के. चंदेरिया, डॉ. रजनी शर्मा एवं डॉ. आर.पी. जायसवाल ने वैज्ञानिक खेती, उन्नत किस्मों और आधुनिक भंडारण तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पात्र किसानों को जैव उर्वरक, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक सहित कृषि किट वितरित की गई। आयोजन में डॉ. सौरभ यादव, डॉ. शुभम अहिरवार, हिमांशु वर्मा, अमित कुमार और गनपत पटेल का विशेष योगदान रहा।

**परिणाम** | 5वीं-8वीं के विद्यार्थियों की सफलता

# हितकारिणी के छात्रों ने अर्जित किए शानदार अंक

**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 25 मार्च को 5 वीं और 8 वीं का रिजल्ट जारी किया था। जिसमें हितकारिणी चिल्ड्रन अकादमी गोरखपुर के बच्चों ने शानदार अंक हासिल कर परीक्षा पास की। शाला की प्राचार्या चित्रा परिहार की माने तो इस साल 5वीं और 8वीं के स्टूडेंट्स ने अच्छा रिजल्ट दिया है। दोनों कक्षाओं में छात्रों और छात्राओं ने लगभग बराबरी का प्रदर्शन किया है। शाला की प्राचार्या ने बताया कि बच्चों ने सच्ची लगन से पढ़ाई कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार 5 वी और 8 वीं के परिणाम देखने की प्रक्रिया को बेहद आधुनिक और आसान बनाया गया था।

### सरस्वती शिशु मन्दिर के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव

सरस्वती शिशु मंदिर गलगला के विद्यार्थियों ने कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा में विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत एवं 8वीं का परिणाम 83.3% रहा। कक्षा 8वीं में बहिन सोनाक्षी चौरसिया ने 82.8% के साथ प्रथम स्थान ,यश राजपूत 79.6%के साथ द्वितीय स्थान,कृष्ण तिवारी 79.5%के साथ तृतीय स्थान,यश पटेल 79.1%,गोपाल सिंधिया 73.8% अंक अर्जित किए वहीं 5वीं कक्षा में मोहम्मद वकास ने 73.7% प्रथम स्थान, मोहम्मद शाहनवाज 73.2%द्वितीय स्थान,आरोही सोनकर 72.5% तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य सुश्री रत्ना मिश्रा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## इनका कहना है



हितकारिणी चिल्ड्रन अकादमी के 5 वीं कक्षा में पढ़ने वाले पार्थ विश्वकर्मा को 80 परसेंट मिले है। उन्होंने बताया कि एग्जाम के 2 माह पहले से ही उन्होंने टीवी और वीडियो गेम्स से दूरी बना ली थी। वही शाला की प्राचार्या श्रीमती परिहार का कहना है कि पार्थ विश्वकर्मा ने अच्छे नंबर पाकर स्कूल का मान बढ़ाया है।



कक्षा 8 वीं में पढ़ने वाले प्रियांशु पासी ने 76 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वे अमर और पूनम पासी के सुपुत्र है। उन्होंने बताया कि आगे चलकर उनको विज्ञान की पढ़ाई करनी है जिसके लिए अभी से तैयारी करना जरूरी है।

